# छत्तीसगढ़ शासन
# स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
# राज्य कन्ट्रोल एन्ड कमांड सेंटर
# (COVID19)

website: www.cghealth.nic.in | Corona Helpline - 104 | Email: idspssucg@rediffmail.com

## दैनिक प्रेस विज्ञप्ति – 14 अगस्त 2020 (शाम 9:00 बजे तक)

| Today Positive | Total Positive | Total Active | Today Discharge | Total Discharge | Today Deaths | Total Deaths |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 451 | 14481 | 4494 | 199 | 9857 | 13 | 130 |

- विश्व में अब तक कुल 20439814 व्यक्ति संक्रमित हैं और अभी तक कुल 744385 व्यक्तियों की मृत्यु हो चुकी है। भारत में वर्तमान में कोरोना वायरस के संक्रमण से 35 राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश प्रभावित हैं, जिनमें कुल 2461190 प्रकरणों की पुष्टि हो चुकी है और कुल 48040 व्यक्तियों की मृत्यु हो चुकी है।
- छत्तीसगढ़ राज्य में अब तक कोरोना वायरस के परीक्षण हेतु **कुल 409693 (RTPCR - 310522 + TrueNat - 31327 + Rapid Antigen Kit - 67844) सैम्पल जांच** किया गया है, जिसमें **14481 धनात्मक मरीजों** की पहचान की गई, जिनमें अब तक **कुल 9857 मरीज स्वस्थ्य होने के उपरांत डिस्चार्ज किए गए** तथा 4494 **मरीज सक्रिय हैं।**
- **आज कुल नए 451 कोरोना पॉजीटिव मरीजों की पहचान की गई है। जिला रायपुर से 142, दुर्ग से 59, रायगढ़ व कोरबा से 37–37, बस्तर से 22, बिलासपुर से 20, राजनांदगांव से 18, जांजगीर–चांपा से 15, कांकेर से 13, नारायणपुर से 12, बेमेतरा व कोण्डागांव से 11–11, कोरिया से 09, बालोद से 08, गरियाबंद व कबीरधाम से 07–07, महासमुंद से 05, धमतरी, बलौदाबाजार, सरगुजा, जशपुर, बीजापुर व अन्य राज्य से 03–03 । आज पाए गए पॉजीटिव मरीजों की अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती प्रक्रिया जारी है।**
- **बीजापुर, बस्तर संभाग निवासी 35 वर्षीय पुरूष को दिनांक 09.08.2020 को जिला अस्पताल बीजापुर में सांस में तकलीफ तथा बुखार के लक्षण होने पर भर्ती किया गया था, इन्हें कोविड पॉजिटिव होने की दशा में जगदलपुर कोविड हॉस्पिटल में उसी दिन रिफर किया गया था, मरीज की दशा गंभीर होने पर इन्हें मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल रायपुर में रिफर किया गया था, मरीज को डायलिसिस पर रखा गया था, मरीज किडनी डिज़ीज पीड़ित थे, समुचित उपचार व चिकित्सकीय निगरानी के बावजूद दिनांक 13.08.2020 रात्रि में सेप्टिक शॉक, कोविड न्यूमोनिया तथा क्रॉनिक किडनी डिज़ीज के काम्पलिकेशन्स की वजह से मृत्यु हो गई।**

- शिवनगर चंगोराभाटा रायपुर निवासी 47 वर्षीय पुरुष को ब्रेथलैसनेस व बुखार की वजह से 13.08.2020 को मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल रायपुर में उपचारार्थ भर्ती किया गया था। समुचित उपचार के बावजूद 13.08.2020 को देर रात्रि में इनका निधन हो गया। इन्हें कोविड पॉजिटिव पाया गया था।
- आमदी नगर हुडको भिलाई निवासिनी 63 वर्षीय महिला जो ब्लड कैंसर से पूर्व से ही पीड़ित रहीं, बुखार तेज साँस चलने से पीड़ित हो उपचार हेतु बाल्को कैंसर हॉस्पिटल में भर्ती की गईं थीं, वें कोविड पॉजिटिव पाई गई थीं। समुचित उपचार के बावजूद 14.08. 2020 को इनकी मृत्यु हो गई।
- श्याम नगर, निवासी 64 वर्षीय पुरूष जो कि पूर्व ही से किडनी डिज़ीज तथा उच्च रक्तचाप से पीड़ित थे, दिनांक 10.08.2020 को सांस में तकलीफ़ की वजह से एम्स, रायपुर में भर्ती किये गये थे, इन्हें कोविड पॉजिटिव पाया गया था, कोविड आई.सी.यू. में भर्ती मरीज की हिमोडायालिसिस भी की गई थी। समुचित उपचार तथा चिकित्सकीय निगरानी के बावजूद इनकी मृत्यु दिनांक 13.08.2020 की रात्रि को हो गई।
- तेलीबांधा, रायपुर निवासी 65 वर्षीय पुरूष जो डायबीटिज तथा उच्च रक्तचाप से पीड़ित रहे, सांस में तकलीफ, बुखार व कफ़ की वजह से दिनांक 09.08.2020 की रात्रि एम्स, रायपुर में भर्ती कराये गये थे, कोविड पॉजिटिव पाये जाने पर इन्हें कोविड आई.सी.यू. में शिफ्ट कर सघन उपचार किया गया था, समुचित उपचार के बावजूद दिनांक 14.08.2020 को प्रातः इनका निधन हो गया।
- कटोरा तालाब रायपुर निवासी 70 वर्षीय महिला जो रायपुर के निजी अस्पताल में उल्टी, दस्त, ब्रेथलेसनेस की वजह से पीड़ित हो, एक्यूट रेस्पिरेट्री डिस्ट्रेस तथा हाइपोवॉल्यूमिक शॉक में उपचारार्थ, दिनांक 10.08.2020 को भर्ती की गई थीं समुचित उपचार के बावजूद 13.08. 2020 को प्रातः इनकी मृत्यु हो गई। इन्हें कोविड पॉजिटिव पाया गया था।
- पावर हाउस भिलाई जिला दुर्ग निवासिनी 65 वर्षीय महिला जो दुर्ग जिला अस्पताल से रेफर कर मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल रायपुर में उपचारार्थ दिनांक 08.08.2020 को भर्ती कराई गई थी कोविड न्यूमोनिया तथा रूमेटाईडआर्थराईटिस से पीड़ित महिला को समुचित उपचार दिए जाने के बावजूद 14.08.2020 को इनकी मृत्यु हो गई।
- गांधी नगर वार्ड रायपुर निवासी 64 वर्षीय पुरुष जिन्हें 7 दिनों से गले में खराश ब्रेथलेसनेस, कफ की वजह तथा किडनी डिजीज, उच्च रक्तचाप की वजह से एम्स रायपुर में 11.08.2020 को भर्ती किया गया था। इन्हें हिमोडायलिसिस पर रखा गया था। कोविड पॉजिटिव मरीज के समुचित उपचार के बावजूद 13.08.2020 को इनकी मृत्यु हो गई।

- पुरानी बस्ती रायपुर निवासी 40 वर्षीय पुरुष जिन्हें ब्रेथलेसनेस कफ, गले में खराश की शिकायत 7 दिवसों से थी, 11.08.2020 को एम्स रायपुर में भर्ती किए गए थे। समुचित उपचार के बावजूद इनकी दशा गंभीर होती चली गई। इन्हीं कोविड पॉजिटिव पाया गया था।
- अभनपुर जिला रायपुर निवासी 38 वर्षीय महिला जो कि सांस की तकलीफ के साथ बुखार,खांसी तथा कोविड पॉजिटिव की वजह से 05.08.2020 को कोविड आई.सी.यू. एम्स में भर्ती कराई गई थीं। समुचित उपचार के बावजूद इनकी दशा गंभीर होती गई तथा 14.08.2020 को प्रातः महिला मरीज का निधन हो गया।

<u>रायपुर के निजी हॉस्पिटल/शासकीय अस्पताल में पूर्व में हुई मृत्यु की जानकारी जो दिनांक 14.08.2020 को प्राप्त हुई है :–</u>

- रायपुर बंजारी रोड निवासी 50 वर्षीय पुरूष जिन्हें तेज सांस चलने तथा लगातार उल्टी होने की दशा में दिनांक 10.08.2020 को निजी अस्पताल रायपुर में भर्ती किया गया था, कालांतर में इन्हें कोविड पॉजिटिव पाया गया, समुचित उपचार के बावजूद दिनांक 11.08.2020 को प्रातः मरीज की मृत्यु हो गई।
- टाटीबंद रायपुर निवासी 65 वर्षीय पुरुष जो कि डायबिटीज उच्च रक्तचाप , पित्ताशय की पथरी से पीड़ित थे, उन्हें एक्यूट रेस्पिरेट्रीडिस्ट्रेस की वजह से मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल रायपुर में दिनांक 12.08.2020 को भर्ती किया गया, समुचित चिकित्सकीय उपचार के बावजूद 12.08.2020 रात्रि में इनकी मृत्यु हो गई। कालांतर में इन्हें कोविड पॉजिटिव पाया गया था।
- सुन्दर नगर, रायपुर निवासी 53 वर्षीय पुरूष जो कि पूर्व से ही डायबीटिज से पीड़ित थे अनियंत्रित डायबीटिज, कमजोरी का उपचार निजी अस्पताल में 08–10 दिन तक कराने के बाद एम्स, रायपुर रिफर कर दिये गये थे। इन्हें ब्रेथलेसनेस व कफ़ की भी शिकायत थी, इन्हें डायबीटिक कीटोएसिडोसिस, किडनी की बीमारी तथा न्यूमोनिया से पीड़ित पाया गया था, साथ ही मरीज कोविड पॉजिटिव भी थे, कोविड आई.सी.यू. में भर्ती इन मरीज को समुचित उपचार व निगरानी में रखा गया था, इसके बावजूद दिनांक 12.08.2020 को रात इनका निधन हो गया।

सुरक्षा के लिए उपयुक्त व्यवहारों **#Mask #Handwash #PhysicalDistancing** का पालन करें, जागरूक रहें, जागरूक करें।

| छत्तीसगढ़ में COVID-19 की जिलेवार स्थिति दिनांक 14-08-2020 | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. | जिला | TODAY POSITIVE | TOTAL POSITIVE CASES | TODAY DISCHARGE | TOTAL DISCHARGE | TOTAL ACTIVE CASES | DEATH | |
| | | | | | | | COVID Death | Associated Co-Morbidity |
| 1 | दुर्ग | 59 | 1317 | 9 | 828 | 473 | 5 | 11 |
| 2 | राजनांदगांव | 18 | 1119 | 30 | 830 | 282 | 3 | 4 |
| 3 | बालोद | 8 | 148 | | 100 | 48 | | |
| 4 | बेमेतरा | 11 | 195 | | 134 | 61 | | |
| 5 | कबीरधाम | 7 | 238 | 1 | 190 | 48 | | |
| 6 | रायपुर | 142 | 4931 | 74 | 2974 | 1889 | 20 | 48 |
| 7 | धमतरी | 3 | 71 | | 57 | 13 | | 1 |
| 8 | बलौदाबाज़ार | 3 | 525 | 14 | 414 | 108 | 2 | 1 |
| 9 | महासमुंद | 5 | 245 | 10 | 148 | 94 | | 3 |
| 10. | गरियाबंद | 7 | 138 | | 96 | 41 | | 1 |
| 11. | बिलासपुर | 20 | 960 | 8 | 708 | 244 | | 8 |
| 12. | रायगढ़ | 37 | 529 | 23 | 270 | 254 | 1 | 4 |
| 13. | कोरबा | 37 | 496 | 6 | 413 | 83 | | |
| 14. | जांजगीर-चांपा | 15 | 581 | 11 | 501 | 75 | 2 | 3 |
| 15. | मुंगेली | | 184 | | 173 | 11 | | |
| 16. | गौरेला पेंड्रा मरवाही | | 33 | | 31 | 2 | | |
| 17. | सरगुजा | 3 | 284 | | 237 | 45 | 1 | 1 |
| 18. | कोरिया | 9 | 166 | | 137 | 27 | | 2 |
| 19. | सूरजपुर | | 112 | 5 | 88 | 23 | 1 | |
| 20. | बलरामपुर | | 248 | 4 | 230 | 18 | | |
| 21. | जशपुर | 3 | 295 | 1 | 255 | 40 | | |
| 22. | बस्तर | 22 | 391 | 3 | 212 | 177 | 1 | 1 |
| 23. | कोंडागांव | 11 | 190 | | 100 | 90 | | |
| 24. | दंतेवाडा | | 163 | | 138 | 25 | | |
| 25. | सुकमा | | 158 | | 82 | 76 | | |
| 26. | कांकेर | 13 | 352 | | 250 | 102 | | |
| 27. | नारायणपुर | 12 | 265 | | 172 | 93 | | |
| 28. | बीजापुर | 3 | 119 | | 83 | 35 | | 1 |
| 0 | अन्य | 3 | 28 | | 6 | 17 | | 5 |
| **महायोग** | | **451** | **14481** | **199** | **9857** | **4494** | **36** | **94** |

कोविड से संक्रमित व्यक्तियों के स्थाई निवास अनुसार प्रविष्टि किये जाने के फलस्वरूप जिलेवार दर्ज कोविड मरीजों की संख्या में अंतर संभावित है।

मीडिया प्रभारी
राज्य कन्ट्रोल एन्ड कमांड सेंटर
**(COVID19)**